## 1. जातीय समानता को बढ़ावा देने के लिए मौजूदा और सुनियोजित उपाय

### सिविल सर्विस ब्यूरो

सिविल सर्विस ब्यूरो (CSB) सिविल सर्विस के प्रबंधन के लिए समग्र नीतिगत जिम्मेदारी लेता है, जिसमें नियुक्ति, वेतन और सेवा की शर्तें, कर्मचारी प्रबंधन, श्रमशक्ति योजना, प्रशिक्षण और अनुशासन जैसे मामले शामिल हैं।

सिविल सर्विस की नियुक्ति स्वतंत्र और निष्पक्ष प्रतियोगिता के सिद्धांत पर आधारित होती है। स्वतंत्र भर्ती प्रणाली में सभी उम्मीदवारों का आकलन उनकी सामर्थ्य प्रदर्शन और चरित्र के आधार पर किया जाता है और संबंधित प्रवेश आवश्यकताएं (भाषा दक्षता सहित) संबंधित श्रेणी की नौकरी की आवश्यकताओं के अनुसार निर्धारित किया जाते हैं। चयन प्रक्रिया में जाति एक प्रासंगिक अवधारणा नहीं है।

| | |
|---|---|
| मौजूदा उपाय | ● गैर जातीय चीनी (NEC) के लिए सरकारी नौकरियों के अवसर को बढ़ाने के लिए CSB ने सभी सिविल सर्विस ग्रेड के लिए चीनी भाषा योग्यता से संबंधित प्रवेश आवश्यकताओं पर एक व्यापक समीक्षा को 2018 में पूरा किया था, जिससे ऐसे ग्रेड की कुल संख्या में वृद्धि हुई जो अपनी चीनी भाषा योग्यता आवश्यकताओं (LPR) को 31 से 53 तक कम किया है/कम करेंगे। CSB इन ग्रेडों की भर्ती की स्थिति की निगरानी करना जारी रखेगा और विभाग के प्रमुख/ ग्रेड को इस संबंध में याद दिलाता रहेगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि संबंधित सरकारी नौकरियों के चीनी LPR संतोषजनक सार्वजनिक सेवाओं को बरकरार रखने के आधार पर कार्य का निष्पादन करना आवश्यक न हो। |
| | ● हम गृह मंत्रालय विभाग (HAD) के जातीय अल्पसंख्यकों हेतु सहायता सेवा केंद्रों, संपूर्ण प्रदेश में स्थित श्रम विभाग (LD) के रोजगार केंद्रों, श्रम विभाग (LD) दवारा जातीय विविधता रोजगार कार्यक्रम  के अंतर्गत मान्यताप्राप्त गैर-सरकारी संगठनों के माध्यम से और Youth.gov.hk बेवपेज पर अपेक्षाकृत निम्न/निम्नीकृत चीनी भाषा दक्षता पात्रताओं (LPRs) के साथ सिविल सेवाओं की रिक्तियों के विषय में जानकारी का नियमित रूप से प्रसार करते रहते हैं। |

- 2019 से, सिविल सेवा ब्यूरो (CSB) ने गैर जातीय चीनी युवाओं को कार्य अनुभव प्राप्त करने में सक्षम करने तथा रोजगार प्राप्त करने में उनकी प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने के लिए गैर जातीय चीनी छात्रों हेतु प्रशिक्षुता (इंटर्नशिप) कार्यक्रम का आयोजन किया है। ये गैर जातीय चीनी प्रशिक्षु (इंटर्न) लगभग आठ सप्ताहों की प्रशिक्षुता (इंटर्नशिप) के लिए विभिन्न B/Ds में पोस्ट किए जाएंगे।

- CSB का सिविल सर्विस कॉलेज (CSC) सांस्कृतिक संवेदनशीलता और संबंधित समान अवसरों की समस्याओं पर सिविल सर्वेन्ट के लिए प्रशिक्षण को बेहतर बनाने के लिए अप्रैल 2019 से कई उपायों को कार्यान्वित कर रही है। इस तरह के उपायों में नई भर्तियों और फ्रंट-लाइन कर्मचारी के लिए प्रशिक्षण स्थलों की संख्या को बढ़ाना; अन्य उपयुक्त प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों को शामिल करने के लिए सांस्कृतिक संवेदनशीलता पर समान रोजगार वाले आयोग प्रशिक्षण के मामलों में सहयोग को विकसित करना; और सांस्कृतिक संवेदनशीलता और जातीय समानता पर अधिक ऑनलाइन शिक्षण संसाधन प्रदान करना शामिल है।

- संदर्भ के लिए सार्वजनिक प्राधिकरण द्वारा CSB की आधिकारिक भाषा विभाग ऐसे अनुवाद फर्म और फ्रीलांस अनुवादकों की एक सूची तैयार रखेगी जो मुख्य रूप से चीनी और अंग्रेजी भाषा के बीच दस्तावेजों के अनुवाद की सेवा प्रदान करते हैं। सार्वजनिक प्राधिकरण अन्य भाषाओं में अनुवाद या इंटरप्रेटेशन सेवाओं को चालू करने से पहले अनुवाद फर्म या फ्रीलांस अनुवादकों के साथ सेवाओं के कार्य क्षेत्रों का पता लगा सकते हैं।

भावी कार्य का आकलन

- CSC अविरत रूप से उनकी गुणवत्ता की निगरानी और सुधार करने के उद्देश्य से प्रासंगिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों पर फीडबैक प्राप्त करना जारी रखेगी।

- हम सिविल सर्विस में NEC की रोजगार स्थिति पर नजर रखेंगे।

किए गए/किए जाने वाले अतिरिक्त उपाय

- सिविल सेवा ब्यूरो (CSB) मौजूदा उपायों को लागू करना जारी रखेगा और उपयुक्त सुधार करने पर विचार करेगा।

जातीय समानता को प्रोत्साहित करने  के लिए वर्तमान और सुनियोजित उपायों के बारे में पूछताछ के लिए, कृपया सुश्री हेलेन ली, मुख्य कार्यकारी अधिकारी (प्रशासनिक) से निम्नलिखित चैनलों के माध्यम से संपर्क करें-

| | | |
|---|---|---|
| टेलीफोन नं. | : | 2810 3090 |
| फैक्स नं. | : | 2868 5069 |
| ईमेल | : | csbts@csb.gov.hk |
| डाक पता | : | Civil Service Bureau<br>Management Division,<br>9/F, West Wing, Central Government Offices,<br>2 Tim Mei Avenue, Tamar,<br>Hong Kong |

**सिविल सर्विस ब्यूरो**

**जुलाई 2022**